राइट्स लिमिटेड

(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)

शिखर, प्लॉट नंबर-1, सेक्टर- 29, गुरुग्राम- 122001

नियमित आधार पर पेशेवरों की भर्ती

(किसी प्रकार की विवादपूर्ण स्थिति में अंग्रेजी का मूल पाठ मान्य होगा)

राइट्स लिमिटेड, भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, परिवहन, इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा संबंधित तकनीकों के क्षेत्र में एक अग्रणी बहु-विषयक परामर्श संगठन है।

महत्वपूर्ण तिथियां

विवरण	तिथियां
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने तथा ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान प्रारंभ होने की तिथि	**16.11.2026**
ऑनलाइन आवेदन जमा करने एवं ऑनलाइन आवेदन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि	**15.12.2026**

राइट्स लिमिटेड को प्रतिभावान और परिश्रमी पेशेवरों की निम्नानुसार तत्काल आवश्यकता है:

वी.सी. नं.	पद	रिक्तियों की संख्या							आयु सीमा (वर्षों में)
		अनारक्षित	ईडब्ल्यूएस	अपिव (एनसीएल)	अजा	अजजा	कुल	दिव्यांगजन #	
आरजी/48/26	वरिष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राफ्ट्समैन/ बिल्डिंग्स)	03	-	-	-	01	04	01	32 वर्ष
आरजी/49/26	वरिष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राफ्ट्समैन/ बिल्डिंग्स)	01	-	01	-	-	02	-	32 वर्ष

 # 01 पद बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों की श्रेणी के लिए क्षैतिज आधार आरक्षित है।

बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों का श्रेणीवार विवरण नीचे दिया गया है:

वी.सी. नं.	चिह्नित श्रेणियों के बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित				
	श्रेणी-क	श्रेणी-ख	श्रेणी-ग	कैट-घ व ङ	कुल
आरजी/48/26	-	-	1	-	01

नोट: आयु, अनुभव एवं अन्य सभी पात्रता मानदंड आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (कट-ऑफ तिथि) अर्थात् 15.12.2026 की स्थिति के अनुसार माने जाएंगे।

न्यूनतम अर्हता एवं अनुभव

वी.सी. नं.	पदनाम/पद	विषय	आवश्यक योग्यता*	अर्हता पश्चात न्यूनतम अनुभव	प्रासंगिक अर्हतोत्तर कार्य अनुभव**
आरजी/48/26	वरिष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राफ्ट्समैन/ बिल्डिंग्स)	**सिविल या आर्किटेक्चर**	सिविल / आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा	2 वर्ष	ऑटोकैड या समकक्ष ड्राफ्टिंग सॉफ्टवेयर पर बिल्डिंग ड्रॉइंग तैयार करने में न्यूनतम 2 वर्ष का कार्य अनुभव।
वी.सी. नं.	**पदनाम/पद**	**विषय**	**आवश्यक योग्यता***	**अर्हता पश्चात न्यूनतम अनुभव**	**प्रासंगिक अर्हतोत्तर कार्य अनुभव****
आरजी/49/26	वरिष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राफ्ट्समैन/ बिल्डिंग्स)	**विद्युत (इलेक्ट्रिकल)**	विद्युत इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) में पूर्णकालिक डिप्लोमा	2 वर्ष	ऑटोकैड या समकक्ष ड्राफ्टिंग सॉफ्टवेयर पर बिल्डिंग ड्रॉइंग तैयार करने में न्यूनतम 2 वर्ष का कार्य अनुभव।

***नोट:**

क) ऊपर उल्लिखित अनिवार्य योग्यता के बिना उच्च योग्यता रखने वाले अभ्यार्थी पात्र नहीं होंगे।

ख) अनारक्षित पदों के लिए विचार किए जाने हेतु अनारक्षित श्रेणी/ ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों (तथा अनारक्षित पदों के विरुद्ध आवेदन करने वाले एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों) के पास अनिवार्य योग्यता में न्यूनतम 50% अंक होने चाहिए। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों (यथालागू एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/दिव्यांगजन) के पास आरक्षित पदों के विरुद्ध विचार किए जाने के लिए न्यूनतम योग्यता में कम से कम 45% अंक होने चाहिए।

ग) अभ्यर्थी के पास भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थानों अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत डीम्ड विश्वविद्यालय (डिक्लेयर टू बी डीम्ड एस यूनिवर्सिटी) के रूप में घोषित संस्थानों से (यथालागू) बीटीई/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए।

घ) पाठ्यक्रम के लिए यथालागू सरकार/बीटीई/यूजीसी/एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार समकक्ष योग्यताओं (अर्हताओं) पर विचार किया जाएगा, तथा अभ्यर्थियों को समकक्षता स्थापित करने के लिए इसका प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, यदि अभ्यर्थी द्वारा अर्जित योग्यता के नामकरण (नाम) में पद के लिए मांगी गई अनिवार्य योग्यता या समकक्षता संबंधी सरकारी दिशानिर्देशों से कोई भिन्नता है, तो अभ्यर्थी को संस्थान/ विश्वविद्यालय द्वारा विधिवत जारी समकक्षता प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट ऑफ इक्विवैलेंस) प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

ङ) यदि प्रमाण पत्र या अंकतालिका में प्रतिशत (प्रतिशतता) का उल्लेख नहीं है, तो आवेदक को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी सीजीपीए/ डीजीपीए आदि से प्रतिशत निकालने का रूपांतरण सूत्र (कन्वर्जन फॉर्मूला) प्रदान करना होगा। ऐसे मामलों में जहाँ विश्वविद्यालय/संस्थान के पास कोई रूपांतरण सूत्र नहीं है, विश्वविद्यालय/संस्थान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित इस आशय का एक शपथ-पत्र/वचन-

पत्र (अंडरटेकिंग) प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, और ऐसी स्थिति में 10-पॉइंट स्केल पर न्यूनतम 5 को 50% माना जाएगा।

**** प्रशिक्षण (ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण को छोड़कर)/इंटर्नशिप/शिक्षण/शैक्षणिक/अध्येतावृत्ति (फेलोशिप)/पीएचडी अनुसंधान अनुभव की अवधि को अनुभव के हिस्से के रूप में नहीं गिना जाएगा। संबंधित विषय/क्षेत्र में शिक्षुता प्रशिक्षण (अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग) (प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के अनुसार) की अवधि को पद के लिए आवश्यक न्यूनतम अर्हतोत्तर अनुभव के रूप में माना जाएगा, बशर्ते कि पद के अन्य सभी पात्रता मानदंड पूरे किए गए हों।**

चयन प्रक्रिया

1. **<u>लिखित परीक्षा:</u>**

लिखित परीक्षा में 125 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित होगा तथा परीक्षा की अवधि 2.5 घंटे होगी। इस परीक्षा में नकारात्मक अंकन (नेगेटिव मार्किंग) लागू नहीं होगा, अतः गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएंगे। दिव्यांगो श्रेणी के अभ्यर्थियों को 50 मिनट का अतिरिक्त (प्रतिपूरक) समय प्रदान किया जाएगा।
आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किए जाने के लिए लिखित परीक्षा में अना. श्रेणी/ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50% अंक तथा आरक्षित पदों के विरुद्ध एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45% अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

2. **<u>प्रमाणपत्रों की जांच:</u>**

अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रमाणपत्रों की जांच राइट्स लिमिटेड द्वारा की जाएगी तथा पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन एवं चयन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा। दस्तावेज़ों के सत्यापन केवल लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की जाएगी, जो प्रारंभ में अधिसूचित रिक्तियों के 1:3 के अनुपात में होगी।

अगर राइट्स द्वारा जांचे गए प्रमाणपत्रों में आवेदन में किए गए दावे को साबित करने में कोई कमी पाई जाती है, तो इसकी जानकारी वेबसाइट पर उन अभ्यर्थियों की लिस्ट के साथ दी जाएगी, जिन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक प्रमाणपत्र मूल में लाने होंगे, जिसमें उन प्रमाणपत्रों की मूल कॉपी भी शामिल हैं जो बताई गई कमी को पूरा करते हैं (जैसा लागू हो)। अपनी पात्रता और आवेदन में किए गए दावे को साबित करने वाले सभी प्रमाणपत्र पेश करने का उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा, और साक्षात्कार से पहले दस्तावेज़ सत्यापन के समय कमी को पूरा करने वाले दस्तावेज़ पेश न कर पाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

दस्तावेज़ की कमी को पूरा करने वाले प्रमाणपत्र सत्यापन के समय जमा करने होंगे और वे बताई गई कमी से संबंधित होने चाहिए, ताकि उस अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में किए गए दावे को साबित किया जा सके; हालाँकि, उन पर तिथि दस्तावेज़ सत्यापन की तिथि के पश्चात की नहीं होनी चाहिए (ओबीसी-एनसीएल और ईडब्ल्यूएस सहित श्रेणी स्टेटस से संबंधित दस्तावेज़ जमा करने के बारे में इस विज्ञापन के 'छूट और रियायतें' सेक्शन के अनुसार ही होगा, जिसे इस विज्ञापन के आवेदन कैसे करें' में सेक्शन 10 के साथ पढ़ा जाएगा)।

प्रमाणपत्रों के सफल सत्यापन के बाद, केवल अधिसूचित रिक्तियों की सीमा तक योग्यता क्रम में शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए जाएंगे। प्रारंभिक दस्तावेज़ सत्यापन से अधिसूचित रिक्तियों के न भरने की स्थिति में ही लिखित परीक्षा की अर्हता सूची में शामिल अगले अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ों की संवीक्षा की जाएगी।"

"समान अंक होने पर: यदि दो या दो अधिक अभ्यर्थियों के अंक समान आते हैं, तो योग्यता सूची में उनके नाम इस प्रकार व्यवस्थित किए जाएंगे कि अधिक आयु वाले व्यक्ति को कम आयु वाले व्यक्ति से ऊपर रखा जाएगा।"
"अभ्यर्थियों के पास चयन प्रक्रिया में हिंदी अथवा अंग्रेजी में उपस्थित होने का विकल्प है।"

राइट्स की आवश्यकता और विवेकाधिकार के आधार पर, चयन प्रक्रिया क्षेत्रीय कार्यालयों से भी आयोजित की जा सकती है, जिसकी सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को उनके बुलावा-पत्र (कॉल लेटर) जारी किए जाने पर दी जाएगी।"
"चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति, राइट्स के नियमों तथा संबंधित पद के लिए निर्धारित चिकित्सा उपयुक्तता मानकों के अनुसार आयोजित की जाने वाली चिकित्सा परीक्षा में स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगी।"

छूट और रियायतें

ईडब्ल्यूएस/अजा/अजजा/अपिव(एनसीएल)/दिव्यांगजन/पूर्व-सैनिक/जम्मू-कश्मीर अधिवासी को सरकार के प्रचलित आदेशों के अनुसार आरक्षित पद (जहां लागू हो) के लिए आरक्षण/छूट/रियायत दी जाएगी।

राइट्स के नियमित/अनुबंध कर्मचारियों को, जो शैक्षिक योग्यता और अनुभव के मानदंड को पूरा करते हैं, नीचे बताई गई ऊपरी आयु सीमा से 5 वर्ष की उम्र में छूट दी जाएगी।

आयु में निम्निलिखित छूट अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने दी जाएगी:

- अजा/अजजा श्रेणी: 5 वर्ष
- अपिव-एनसीएल श्रेणी: 3 वर्ष
- जम्मू और कश्मीर अधिवास: 5 वर्ष
- दिव्यांगजन बेंचमार्क: 10 वर्ष; अजा/अजजा /अपिव-एनसीएल श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आयु में अतिरिक्त मिलने वाली छूट के पद के जो नीचे दी गई तालिका में यथा उल्लिखित दिव्यांग के लिए उपयुक्त के रूप में अभिचिह्नत होने के अध्यधीन है।

यद्यपि, आयु सीमा में छूट दिव्यांग अभ्यर्थियों पर लागू होगी, भले ही पद आरक्षित हो या न हो, पद के जो नीचे दी गई तालिका में यथा उल्लखित दिव्यांग के लिए उपयुक्त के रूप में अभिचिह्नत होने के अध्यधीन है।

दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा निम्नलिखित शारीरिक अपेक्षाओं /क्षमताओं एवं कार्यात्मक वर्गीकरण को पूरा करना अपेक्षित है, जो संबंधित पदों पर कार्य के लिए आवश्यक होगा:

विषय	**जिन श्रेणियों कि लिए अभिचिह्नत किया गया**	**कार्यात्मक वर्गीकरण**	**शारीरिक आवश्यकताएं**
सिविल या आर्किटेक्चर	लोकोमोटर दिव्यांगता	ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, ठीक हुए कुष्ठ रोगी, एसिड अटैक पीड़ित	एस, एसटी, बीएन, डब्ल्यू, एसई, एमएफ, सी, आरडब्ल्यू, आर, डब्ल्यू
	श्रवण बाधिता	एचआई	

विषय	**जिन श्रेणियों कि लिए अभिचिह्नत किया गया**	**कार्यात्मक वर्गीकरण**	**शारीरिक आवश्यकताएं**
विद्युत (इलेक्ट्रिकल)	लोकोमोटर दिव्यांगता	ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, ठीक हुए कुष्ठ रोगी, एसिड अटैक पीड़ित	एस, एसटी, बीएन, डब्ल्यू, एसई, एमएफ, सी, आर, आरडब्ल्यू
	श्रवण बाधिता	एचआई	

दिव्यांगजन जो उस श्रेणी/वर्गीकरण से हैं जिसके लिए यह पद अभिचिह्नत है (जैसा कि उक्त तालिका में विनिदिष्ट है), वे भी आवेदन कर सकते हैं, भले ही उनके लिए रिक्त विशेष रूप से आरक्षित न हो। ऐसे अभ्यर्थियों पर सामान्य अर्हता मानक के आधार पर पद पर नियुक्ति के लिए चुने जाने हेतु विचार किया जाएगा।

कार्यात्मक वर्गीकरण		शारीरिक आवश्यकताएं	
कोड	**वर्गीकरण**	**कोड**	**वर्गीकरण**
ओएच	अस्थि दिव्यांग	एस	बैठना
वीएच	दृष्टि दिव्यांग	एसटी	खड़ा होना
एचएच	सुनने में कठिनाई	डब्ल्यू	चलना
ओएल	एक पैर	एसई	देखना
ओए	एक हाथ	एच	सुनना/बोलना
बीए	दोनों बाहें	आरडब्ल्यू	पढ़ना और लिखना
बीएच	दोनों हाथ	सी	संचार
एमडब्ल्यू	मांसपेशियों में कमज़ोरी	एमएफ	उंगलियों द्वारा संचालन
ओएएल	एक हाथ एक पैर	पीपी	खींचना और धकेलना
बीएलए	दोनों पैर और बांहें	एल	उठाना
बीएलओए	दोनों टांगें एक बांहें	केसी	घुटने टेकना और झुकना
एलवी	कम दृष्टि	बी एन	झुकना
बी	अंधा	एम	गतिविधि
पीडी	आंशिक रूप से बहरा	जेयू	कूदना
एफडी	पूरी तरह से बहरा	सीएल	चढ़ना
बीएल	दोनों पैर	सीएल	चढ़ना
डी	बौनापन		
सीपी	सेरेब्रल पाल्सी		
एलसी	कुष्ठ रोग ठीक हुआ		
एएवी	एसिड अटैक के पीड़ित		
एमडी	कई दिव्यांगताएँ		

उपर्युक्त सूचियाँ संशोधन के अध्यधीन हैं।

काम की प्रकृति और अवधि

नियुक्ति प्रारंभ में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर होगी। सेवा की आगे की निरंतरता तथा पुष्टि, कार्य प्रदर्शन तथा राइट्स में कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत किए गए प्रमाण-पत्रों एवं दस्तावेज़ों की प्रामाणिकता/सत्यता के सत्यापन पर निर्भर करेगी। स्थायीकरण आदेश जारी होने तक कर्मचारी परिवीक्षा पर ही माना जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की आवश्यकतानुसार भारत या विदेश में कहीं भी तैनाती दी जा सकती है।

अभ्यर्थी को परिवीक्षा अवधि के आखिर में अपनी सेवाओं के स्थायीकरण के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट पास करना होगा। स्क्रीनिंग टेस्ट में उत्तीर्ण न हो पाने की स्थिति में परिवीक्षा की अवधि बढ़ाया जा सकता है, और कंपनी की पॉलिसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अभ्यर्थी भी ध्यान दें कि किसी भी कर्मचारी का आवेदन तब तक बाहर की नौकरियों के लिए फॉरवर्ड नहीं किया जाएगा, जब तक वह कंपनी में 2 वर्ष की सर्विस पूरी नहीं कर लेता/लेती।

पारिश्रमिक

सरकारी विभागों/पीएसयू के अभ्यर्थी वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर वेतन का सेवाकाल पूरा नहीं कर लेता/लेती, कंपनी की पॉलिसी के अनुसार अपनी मूल वेतन की सुरक्षा के लिए योग्य हैं। मूल वेतन के अतिरिक्त महंगाई भत्ता, उनके वेतनमान पर लागू मूल वेतन तथा महंगाई भत्ता स्थाई/अस्थाई भत्ते, मकान किराया/लीज, भविष्य निधि में अंशदान, उपदान अधिनियम के अनुसार उपदान सहित पोस्ट रिटायमेंट चिकित्सा योजना अन्य लाभ निम्नानुसार होंगे:

क) अवकाश के नियमों के अनुसार छुट्टियाँ
ख) मातृत्व अवकाश/पितृत्व अवकाश
ग) चिकित्सा सुविधा
घ) सामूहिक बीमा
ङ) अवकाश नकदीकरण

नियमित कर्मचारियों पर लागू कंपनी के नियमानुसार

इस पद के लिए वेतन-मान का विवरण नीचे दिया गया है:

वी.सी. नं.	पदनाम	विषय	वेतनमान
आरजी/48/26	वरिष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राफ्ट्समैन/ बिल्डिंग्स)	सिविल या आर्किटेक्चर	भारतीय रु. 26,000-96,000
आरजी/49/26	वरिष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राफ्ट्समैन/ बिल्डिंग्स)	विद्युत (इलेक्ट्रिकल)	

नोट: वे अभ्यर्थी, जो राइट्स की सेवाओं में नियुक्ति/समावेशन पर 8वें सीपीसी सीडीए वेतनमान से 4थी पीआरसी आईडीए वेतनमान में स्थानांतरित होंगे, केवल एक फिटमेंट के लाभ के हकदार होंगे और अंतिम वेतन निर्धारण 4थी पीआरसी की रिपोर्ट के कार्यान्वयन के पश्चात, यदि कोई हो, किया जाएगा।

शुल्क

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के दौरान निम्निलिखित शुल्क का भुगतान करना है:

श्रेणी	शुल्क
सामान्य/अपिव अभ्यर्थी	300 रुपये/- प्लस लागू टैक्स
ईडब्ल्यूएस/ अजा/अजजा/ दिव्यांगजन अभ्यर्थी	100/- रुपये प्लस लागू टैक्स

शुल्क भुगतान के संबंध में किसी भी कठिनाई/प्रश्न के लिए, अभ्यर्थी निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं:
हेल्पडेस्क नंबर: 011- 33557000, एक्सटेंशन कोड- 13221
हेल्पडेस्क ई-मेल आईडी: pg.service@hdfc.bank.in

टिप्पणी :

क) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को, जो अपनी श्रेणी के लिए अनारक्षित पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें भी ऑनलाइन आवेदन के दौरान इस स्तर पर पूर्ण शुल्क का भुगतान करना होगा।

ख) ऑनलाइन आवेदन के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों से लिया गया शुल्क, लिखित परीक्षा/साक्षात्कार (यथा लागू) की आगे की चयन प्रक्रिया में भाग लेने पर वापस कर दिया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को यह राशि उनके मूल खाते/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि में जमा करके ही वापस की जाएगी, उनके श्रेणी प्रमाण पत्र जमा करने और उसकी जाँच के बाद, जीएसटी/बैंक शुल्क (यथा लागू) की विधिवत कटौती करके जिससे अभ्यर्थी ने शुल्क का भुगतान किया था।

ग) एस/एसटी/दिव्यांग श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करते समय आवेदन पोर्टल पर अपना प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, ताकि उन्हें लागू नियमों के अनुसार शुल्क वापसी के लिए पात्र माना जा सके।

घ) अभ्यर्थियों को ध्यान रखना चाहिए कि निर्दिष्ट विधि के अतिरिक्त किसी अन्य विधि से जमा किया गया शुल्क राइट्स द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे आवेदनों को शुल्क रहित माना जाएगा तथा उन्हें तुरंत पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ङ) अभ्यर्थी यह पक्का करें कि फीस का भुगतान सफल होने पर इनवॉइस जेनरेट हो जाए; और अगर वे इनवॉइस डाउनलोड नहीं कर पाते हैं, तो यह अभ्यर्थी की ज़िम्मेदारी होगी कि वे तुरंत rectt@rites.com पर रजिस्ट्रेशन विवरण के साथ ईमेल लिखकर इसकी जानकारी दें

स्थान एवं समय

क्र. सं.	चयन चरण	स्थान
1	लिखित परीक्षा	भारत भर में 6 विभिन्न स्थान* (उचित पता अभ्यर्थियों को बाद में सूचित किया जाएगा।)

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के समय लिखित परीक्षा केंद्र के लिए अपनी पसंद के दो विकल्प देने होंगे। यद्यपि अभ्यर्थियों को उनकी पसंद का केंद्र आवंटित करने का प्रयास किया जाएगा, तथापि राइट्स के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह अभ्यर्थी को ऐसा केंद्र भी आवंटित कर सकता है जो उसकी वरीयता में दर्शाया गया न हो।

लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र*:

क्र. सं.	शहर
1	दिल्ली/गुरुग्राम
2	कोलकाता
3	बैंगलुरु
4	मुंबई
5	गुवाहाटी
6	भुवनेश्वर

***दिल्ली/गुरुग्राम को छोड़कर सभी केंद्र अस्थायी हैं और यह अभ्यार्थियों की संख्या और राइट्स के निर्णय पर निर्भर करेगा।**

चयन की नियत तिथि, समय और स्थान का विवरण अभ्यार्थियों को अलग से सूचित किया जाएगा।

लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम

<u>आरजी/48/26- वरिष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राफ्टसमैन/भवन- सिविल अथवा वास्तुकला)</u>

ड्राइंग अभ्यास एवं कैड

- बीआईसी का महत्त्व; वास्तु एवं भवन आरेखण संहिता (आईएस 962-1989 तथा एसपी 46:2003);
- ड्रॉइंग लेआउट, रेखाएँ, अक्षरांकन, विमांकन, पैमाने एवं निरूपक भिन्न। लंबकोणीय, सममितीय, तिर्यक एवं परिप्रेक्ष्य प्रक्षेपण।
- एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट
- औटोकैड इंटरफेस, निर्देशांक प्रणाली, ड्रॉइंग/संशोधन कमांड, ओसनप, ड्रॉइंग सहायक, लेयर, लाइन प्रकार, ब्लॉक, एट्रिब्यूट, टेक्स्ट/विमा शैलियाँ, लेआउट एवं प्लॉटिंग, मॉडल/पेपर स्पेस, व्यूपोर्ट, सीटीबी तथा

डीडब्ल्यूजी/डीक्सएफ /डीडब्ल्यूटी फाइल प्रारूप।

वास्तुकला अभिकल्प

वास्तु अभिकल्प के सिद्धांत एवं तत्व;

- अवधारणा विकास; स्थानिक संगठन; क्षेत्र निर्धारण; पैदल एवं वाहन आवागमन; भवन आकार विन्यास; कार्यात्मक एवं स्थान नियोजन तथा क्षेत्रफल कार्यक्रम।

भवन के प्रकार एवं स्थल नियोजन

- आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, शैक्षणिक, स्वास्थ्य सेवा, कार्यालय एवं सार्वजनिक भवनों के अभिकल्प संबंधी विचार; स्थल नियोजन, अभिमुखीकरण, भू-दृश्य समेकन, सार्वभौमिक सुगम्यता एवं बाधारहित अभिकल्प।

भवन निर्माण सामग्री

- पत्थर, ईंटें, चूना, पॉज़ोलाना, सीमेंट, रेत;
- मृदा उत्पाद, मसाला एवं कंक्रीट;
- लकड़ी, प्लाईवुड, ब्लॉक बोर्ड, पार्टिकल बोर्ड, एफआरपी, एमडीएफ;
- तारकोल, बिटुमेन, डामर, पेंट, वार्निश, धातु एवं प्लास्टिक;
- लौह/अलौह धातु, लोहा, ढलवाँ लोहा, मिश्रधातु एवं कार्बन इस्पात;
- धातुओं के भौतिक एवं यांत्रिक गुण;
- बाहरी/आंतरिक फिनिश, फर्श, छत, विभाजन, दीवारें, फिटिंग, दरवाजे, खिड़कियाँ, रोलिंग शटर, विनिर्देश एवं कारीगरी।

भवन निर्माण

- निर्माण क्रम, भवन के भाग, पत्थर/ईंट चिनाई, बंधन, मिश्रित चिनाई, दीवारों की मजबूती एवं औजार;
- नींव का उद्देश्य, विफलता के कारण, मिट्टी की धारण क्षमता, स्थिर/चल भार, भूमि परीक्षण, फुटिंग ड्रॉइंग, लेआउट;
- शोरिंग, मचान, अंडरपिनिंग, टिम्बरिंग;
- डीपीसी, नमी रोकथाम, दीमकरोधी उपचार;
- मेहराब, लिंटल, छज्जे, सैंटरिंग, शटरिंग;
- बढ़ईगीरी जोड़, दरवाजे, खिड़कियाँ, रोशनदान, फर्श, सीढ़ियाँ, लिफ्ट, एस्केलेटर, समतल/ढलानदार छतें एवं ट्रस।

भवन नियोजन एवं सेवाएँ

- नियोजन सिद्धांत, अभिमुखीकरण, उपविधियाँ, लेआउट, प्रकाश, संवातन, सुरक्षा, हरित पट्टी, भवन, पूर्वनिर्मित संरचनाएँ, उद्यान एवं भू-दृश्य;
- भूकंपरोधी अभिकल्प, लचीले तत्व, बेस आइसोलेशन;
- भवन निकासी,पीएचइ, प्लंबिंग, स्वच्छता फिटिंग, सीवर, मैनहोल, सेप्टिक टैंक, शोधन संयंत्र
- एचवीएसी, विद्युत, प्लंबिंग, जल निकासी, इएलवी, भवन स्वचालन, ऊर्जा दक्षता, भार गणना, एमइपी लेआउट, एनबीसी 2026 एवं बीआईएस मानक।

आरसीसी एवं इस्पात संरचनाएँ

- आरसीसी उपयोग, सामग्री, अनुपात, फॉर्मवर्क, आईएस के अनुसार सरिया विवरण एवं अनुसूची, स्लंप परीक्षण, कॉलम, बीम, एक/दो-तरफा स्लैब, रिटेनिंग वॉल, आरसीसी फ्रेम, सीमेंट/इस्पात ग्रेड, भूकंप सुरक्षा;
- इस्पात सेक्शन, फास्टनर, जोड़, तनाव/संपीड़न सदस्य, निर्माण विवरण, सीमा अवस्था अभिकल्प, प्रबलित बीम/स्लैब, अपरूपण, विकास लंबाई, बंधन तथा पूर्व-प्रतिबलित कंक्रीट।

प्राक्कलन एवं मात्रा सर्वेक्षण

- प्राक्कलन प्रकार, दर विश्लेषण, श्रम एवं सामग्री, दर अनुसूची, विनिर्देश, लागत नियोजन, नींव से छत तक भवन की मात्राएँ, लागत सार, बीओक्यू, निविदा प्रकार एवं दस्तावेज।

सर्वेक्षण

- चेन, कम्पास, प्लेन टेबल सर्वेक्षण; लेवलिंग, घटित स्तर, अनुभाग, समोच्च रेखांकन, थियोडोलाइट, ट्रैवर्सिंग, टोटल स्टेशन एवं निर्देशांक।

अग्नि सुरक्षा

- एनबीसी एवं लागू उपविधियों के अनुसार अग्निशमन मानदंड, अग्निरोधी सामग्री, अग्नि रेटिंग, अग्नि सुरक्षा उपकरण, अग्नि निकास तथा यांत्रिक संवातन।

हरित भवन एवं ऊर्जा संहिताएँ

- हरित भवन सिद्धांत, गरीहा रेटिंग प्रणाली, ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (इसीबीसी), भवन ऊर्जा निष्पादन, यू-वैल्यू, सोलर हीट गैन कोअफिशन्ट (एसएचजीसी) तथा भवन आवरण निष्पादन संबंधी शब्दावली।

समकालीन निर्माण प्रौद्योगिकी

- भवन स्वचालन, बुद्धिमान भवन, भूकंपरोधी निर्माण, खोखले कंक्रीट ब्लॉक, स्थिरीकृत मृदा ब्लॉक, फ्लाई-ऐश ईंटें, सतत एवं संसाधन-कुशल निर्माण;
- पूर्वनिर्माण, मॉड्यूलर निर्माण, औद्योगिकीकृत भवन प्रणालियाँ, बड़े पैमाने की परियोजनाओं में तीव्र निर्माण तकनीकें।

<u>आरजी/49/26- वरिष्ठ तकनीकी सहायक (ड्राफ्ट्समैन/भवन- विद्युत)</u>

ड्रॉइंग अभ्यास एवं कैड

- इंजीनियरिंग, भवन एवं विद्युत ड्रॉइंग के बीआईएस कोड;
- लेआउट, रेखाएँ, अक्षरांकन, विमांकन, पैमाने एवं निरूपक भिन्न;
- विद्युत प्रतीक, एकल-रेखा आरेख, वायरिंग/लेआउट ड्रॉइंग, विद्युत प्रतीक ब्लॉक, फ्लोर प्लान एक्सआरइएफ, डीबी अनुसूची, कंड्यूट एवं केबल लेआउट;
- ऑटोकैड, एमएस ऑफिस, इंटरफेस, निर्देशांक, कमांड, ओसनप, लेयर, ब्लॉक, टेक्स्ट/विमा शैलियाँ, प्लॉटिंग तथा डीडब्ल्यूजी/डीएक्सएफ/डीडब्ल्यूटीआई

मूलभूत विद्युत अभियांत्रिकी

- प्रतिरोध, प्रेरकत्व, धारिता, धारा, वोल्टता, शक्ति, ऊर्जा एवं इकाइयाँ;
- आदर्श स्रोत, केसीएल, केवीएल, नोड/मेश विश्लेषण, थेवेनिन, नॉर्टन, सुपरपोजिशन, अधिकतम शक्ति अंतरण एवं द्वि-पोर्ट नेटवर्क;
- चुंबकीय फ्लक्स, एमएमएफ, रिलक्टेंस, विद्युतचुंबकीय प्रेरण, स्व/पारस्परिक प्रेरकत्व;
- कूलॉम, गाउस, बायो-सावर्ट, एम्पियर, फैराडे के नियम, लॉरेंट्ज बल, अनुनाद, स्टार-डेल्टा रूपांतरण, डीसी परिपथ एवं नेटवर्क प्रमेय।

एसी फंडामेंट्लस

- तात्कालिक, शिखर, आरएमएस एवं औसत मान;
- साइनाकार तरंगरूप;
- श्रेणी/समानांतर आर-एल-सी परिपथ, अनुनाद, स्टार/डेल्टा, त्रि-फेज शक्ति एवं संतुलित त्रि-फेज परिपथ।

विद्युत सामग्री एवं मूल इलेक्ट्रॉनिकी

- चालक, अर्धचालक, कुचालक, परावैद्युत, चुंबकीय तथा विशेष प्रयोजन की सामग्री।

विद्युत मशीनें

- डीसी मशीनों के प्रकार, ईएमएफ/बलाघूर्ण समीकरण, विशेषताएँ, स्टार्टर, गति नियंत्रण एवं उपयोग;
- एकल/त्रि-फेज ट्रांसफॉर्मर, निर्माण, समतुल्य परिपथ, ऑसी/एससी परीक्षण, विनियमन, दक्षता, वेक्टर समूह, समानांतर संचालन, शीतलन एवं रखरखाव;
- त्रि-फेज/एकल-फेज इंडक्शन मोटर, स्लिप, बलाघूर्ण, हानियाँ, दक्षता, गति नियंत्रण, स्टार्टर एवं प्रारंभ विधियाँ।
- सिंक्रोनस मोटर का प्रारंभ, उत्तेजना प्रभाव, हंटिंग एवं उपयोग।

मापन एवं उपकरण

- उपकरण वर्गीकरण, संचालन बलाघूर्ण, अवमंदन, परास विस्तार;
- धारा, वोल्टता, प्रतिरोध, शक्ति (दो-वाटमीटर विधि), ऊर्जा, शक्ति गुणांक एवं आवृत्ति का मापन;
- मूविंग कॉइल/आयरन, डायनेमोमीटर, इंडक्शन उपकरण, मल्टीमीटर, मेगर, अर्थ टेस्टर, ऊर्जा मीटर, सीटीएवं पीटी।

विद्युत शक्ति प्रणालियाँ

- पारेषण लाइनें, इंसुलेटर, चालक, सैग, स्किन एवं फेरांटी प्रभाव, कोरोना, वोल्टता विनियमन;
- वितरण उपकेंद्र, उपकरण, बस-बार, फीडर, वितरक एवं शक्ति गुणांक सुधार।

स्विचगियर, संरक्षण एवं अर्थिंग

- सर्किट ब्रेकर, आर्क शमन, तेल/वायु, एमसीबी, ईएलसीबी, आरसीसीबी, एसएफ6 एवं वैक्यूम ब्रेकर;
- सुरक्षा रिले, अतिधारा, विभेदी, दिशात्मक संरक्षण, बुचहोल्ज रिले, फीडर संरक्षण, अतिवोल्टता, तड़ित एवं तड़ित रोधक;
- उपकरण/प्रणाली ग्राउंडिंग, अनग्राउंडेड न्यूट्रल, अर्थिंग विधियाँ, अर्थिंग की आवश्यकता एवं आईई नियम।

वायरिंग, प्राक्कलन एवं उपयोग

- वायरिंग प्रतीक/नियम, आंतरिक, घरेलू एवं औद्योगिक वायरिंग, संस्थापन संरक्षण, विद्युत आघात, मृदा प्रतिरोधकता, सुरक्षा संकेत, परिपथ, गणना एवं लक्स स्तर;
- प्रकाश योजना, मशीन संस्थापन आईइ नियम;
- प्रदीपन शब्दावली, तापदीप्त, हैलोजन, सोडियम/पारा वाष्प, फ्लोरोसेंट, इंडक्शन एवं एलइडी लैम्प, प्रदीपन नियम, प्रकाश अभिकल्प, ऊर्जा-कुशल लैम्प, आंतरिक/बाहरी प्रकाश;
- बैटरियाँ, सेल, क्षमता, चार्जिंग, संयोजन एवं रखरखाव;
- सामान्य विद्युतीकरण, क्षेत्र प्रकाश, उपकेंद्र, डीजी सेट, सौर प्रणाली, वातानुकूलन, लिफ्ट, अग्नि अलार्म, डेटा नेटवर्किंग, आंतरिक/बाहरी कार्यों का प्राक्कलन, निरीक्षण एवं परीक्षण।

आवेदन कैसे करें

1. **अभ्यर्थी आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद के लिए आवश्यक शर्तों एवं अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।**
2. राइट्स ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय आवेदनों की पात्रता और अन्य पहलुओं की विस्तृत संवीक्षा (जांच) नहीं करेगा, इसलिए उम्मीदवारी (अभ्यर्थित्व) को अनंतिम रूप से स्वीकार किया जाएगा।
3. उपर्युक्त निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को राइट्स वेबसाइट, **http://www.rites.com** के कैरियर सेक्शन में उपलब्ध पंजीकरण प्रोफार्मा में ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित है।
4. ऑनलाइन आवेदन करते समय; सिस्टम अभ्यर्थी द्वारा भरे हुए **ऑन लाइन फार्म के ऊपर 'पंजीकरण संख्या' जेनरेट करेगा।** राइट्स लिमिटेड के साथ आगे संपर्क किए जाने के लिए इस "पंजीकरण संख्या" को नोट कर लें।
5. अपेक्षित विवरण भरते समय, अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे "पहचान प्रमाण" का विवरण सावधानीपूर्वक

और सही ढंग से भरें। अभ्यर्थियों को यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे इसे नोट करें और यह सुनिश्चित करें कि पहचान प्रमाण उपलब्ध है, क्योंकि चयन के बाद के चरणों में इसे मूल रूप में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

6. **"आवेदन पत्र भरें/संशोधित करें" के अंतर्गत आवश्यक विवरण भरने के बाद, अभ्यर्थी को आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए।**

अभ्यर्थियों को यह पक्का करना होगा कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें, जो उनकी पात्रता के संबंध में उनके दावों का समर्थन करते हों। ऑनलाइन आवेदन पत्र के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की लिस्ट नीचे दी गई है:

क) जन्म तिथि के प्रमाण के लिए हाई स्कूल प्रमाण पत्र
ख) एकेडमिक और प्रोफेशनल अर्हता के प्रमाणपत्र के साथ-साथ सभी अर्हता (10वीं, 12वीं, डिप्लोमा/ ग्रेजुएशन/स्नातकोत्तर जैसा भी लागू हो और जैसा कि आवेदन पत्र पत्र में बताया गया है) के सभी सेमेस्टर/वर्ष की अंकपत्र।
ग) विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी किया गया प्रतिशत रूपांतरण दस्तावेज़ (जहां भी लागू हो)
घ) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ईडब्ल्यूएस/ अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/दिव्यांगजन प्रमाणपत्र (जहां भी लागू हो)
ङ) पहचान और पते का प्रमाण (पासपोर्ट, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि)
च) पैन कार्ड
छ) आवेदन पत्र पत्र में बताए गए अनुभव के समय का प्रूफ एक ही पीडीएफ में कालानुक्रमिक क्रम में (जैसा लागू हो) में सबमिट करना होगा। इसमें ऑफर लेटर, नियुक्ति आदेश, कार्यमुक्ति आदेश , सेवा प्रमाणपत्र, संबंधित पे स्लिप वगैरह शामिल हैं, जो ऑनलाइन आवेदन पत्र में बताए गए सेवा सयम के दावे को साबित करते हैं।
ज) नवीनतम प्रारूप के अनुसार दिव्यांग प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।
झ) ऑनलाइन आवेदन पत्र में सबमिट किए गए अपने कैंडिडेटचर और दावों के समर्थन में आवश्यक कोई दूसरा प्रमाणपत्र।

नोट: अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चत करना होगा कि स्कैन की गई कॉपी साफ़ और देखने योग्य हों। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करते समय, आवश्यक प्रमाणपत्र अपलोड न करने पर, जो उनकी पात्रता और आवेदन पत्र में किए गए दावों को साबित करते हैं, अभ्यर्थी का उम्मीदवारी रद्द किया जा सकता है।

7. सभी दस्तावेज अपलोड करने के बाद, अभ्यर्थियों को "भुगतान" सेक्शन में जाकर ऑनलाइन भुगतान करना होगा। और आवेदन शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक होने के बाद, फाइनल आवेदन पत्र डाउनलोड करना होगा। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे सबमिट किए गए आवेदन पत्र की एक कॉपी अपने पास रखें और चयन के समय (अगर बुलाया जाता है) उसे साथ ले जाएं।

   भुगतान विवारण में उस श्रेणी के आधार पर बैंक को भुगतान की जाने वाली राशि दिखाई गई है जिसके लिए आप आवेदन पत्र सबमिट कर रहे हैं।

   शुल्क भुगतान सफल न होने पर आवेदन पत्र को अधूरा माना जाएगा और उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

8. आवेदन में अनुभव के संबंध में अभ्यार्थी द्वारा किए गए दावों के संदर्भ में, दस्तावेज़ सत्यापन के समय आपके पिछले नियोक्ता से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्रों की प्रतियां जमा करनी होंगी। वर्तमान रोजगार के संबंध में, अनुभव प्रमाणपत्र/ज्वाइनिंग लेटर के साथ पिछले महीने की वेतन पर्ची, या फॉर्म-16 और अन्य दस्तावेज जो नौकरी में आपकी निरंतरता को स्पष्ट रूप से साबित करते हों, जमा करने होंगे। यदि आपके द्वारा प्रस्तुत प्रमाणों से आपका दावा प्रमाणित नहीं होता है, तो दस्तावेज़ जांच के समय आपकी उम्मीदवारी खारिज की जा सकती है। कृपया अपनी उम्मीदवारी स्थापित करने वाले प्रमाण पत्रों के साथ अपने दावों की जांच करें। दस्तावेज़ सत्यापन के समय अधूरा आवेदन या अपर्याप्त प्रमाण आपकी उम्मीदवारी को खारिज कर देंगे। आवेदन में दी गई जानकारी के अलावा किसी भी अतिरिक्त जानकारी पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा।

9. सीटीसी/वेतन के प्रूफ के लिए, अभ्यर्थियों को अपने पिछला फॉर्म-16/अर्निंग कार्ड/वेतन स्लिप/अप्रेजल लेटर/कोई अन्य आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना होगा और साक्षात्कार के दिन उसे दोबारा दिखाना होगा।

10. आरक्षण का लाभ उठाने के लिए, एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारियों से जाति प्रमाण पत्र देना होगा, जैसा कि **अनुबंध-I** (एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए) और **अनुबंध-II** (ओबीसी-एनसीएल अभ्यर्थियों के लिए) में दिए गए फॉर्मेट के अनुसार, जो महत्वपूर्ण तिथि यानी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक मान्य हो। इसके अतिरिक्त, ओबीसी-एनसीएल अभ्यर्थियों के मामले में, प्रमाण पत्रों में विशेष रूप से यह बताया जाना चाहिए कि वे भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या.36012/22/93-Estt. दिनांक 08.09.93 और इसके बाद के संशोधन कार्यालय ज्ञापन संख्या.36033/3/2004-Estt. (Res) दिनांक 09.03.2004, 27.05.2013, 13.09.2017 और इस विज्ञापन के लिए ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि तक प्राप्त किसी भी अन्य संशोधन के शेड्यूल के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं हैं।

<u>ओबीसी-एनसीएल श्रेणी</u>

अभ्यर्थियों को यह पक्का करना चाहिए कि इस विज्ञापन के तहत पदों के लिए आवेदन करते समय वे अपिव-नॉन-क्रीमी लेयर (एनसीएल) श्रेणी के हों। इसके अतिरिक्त, जाति प्रमाणपत्र (अपिव) के साथ-साथ, अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के दौरान **अनुबंध-III** के अनुसार तय प्रारूप में एक घोषणा भी देना होगा, जिसमें यह बताया गया हो कि वे ज़रूरी तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को क्रीमी लेयर में नहीं आते हैं।

जो प्रमाणपत्र दिया जाएगा, **वह आवश्यक तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से एक वर्ष से ज़्यादा पुराना नहीं होना चाहिए।** अगर इन शर्तों का पालन नहीं किया जाता है, तो आरक्षित स्टेटस (अपिव-एनसीएल) के लिए उनका दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों का कैंडिडेटचर/आवेदन, अगर वे सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, तो उन्हें सिर्फ सामान्य (अनारक्षित) रिक्त के तहत ही माना जाएगा।

<u>ईडब्ल्यूएस श्रेणी (वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मान्य)</u>

ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित रिक्त के लिए अप्लाई करने वाले अभ्यर्थियों के पास आवश्यक तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक आय और संपत्ति प्रमाणपत्र होना चाहिए। ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र भारत सरकार के प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। अगर इन शर्तों का पालन नहीं किया जाता है, तो ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षित स्टेटस के लिए उनका दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों का कैंडिडेटचर/आवेदन, अगर वे सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, तो उन्हें केवल सामान्य (अनारक्षित) रिक्त के तहत ही माना जाएगा।

अपिव एनसीएल और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए, अभ्यर्थियों को उनके कार्यग्रहण की तिथि पर वैध अपिव एनसीएल प्रमाणपत्र और ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र (जैसा लागू हो) जमा करने का मौका दिया जाएगा, जो ज़रूरी तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक वैध होना चाहिए। जो आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी इस अतिरिक्त मौके के बाद भी आवेदन पत्र में आरक्षित श्रेणी से संबंधित होने के अपने दावे के सपोर्ट में वैध प्रमाणपत्र नहीं दे पाएंगे; उन्हें अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी माना जाएगा।

11. दस्तावेज़ की हार्ड कॉपी पद/कूरियर से इस कार्यालय में न भेजें।

12. इस ऑनलाइन आवेदन पत्र की एक कॉपी, जिसमें पंजीकरण संख्या हो, प्रिंट करके साइन करके अपने पास रखनी है। इसे नीचे दिए गए दस्तावेज़ की स्व अभिप्रमाणित फोटोकॉपी के साथ, बिल्कुल इसी ऑर्डर में जमा करना है। (अगर साक्षात्कार के दिन दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है):
    क) 1 नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो
    ख) जन्म तिथि के प्रमाण के लिए हाई स्कूल प्रमाण पत्र
    ग) शैक्षणिक और पेशेवर अर्हता के प्रमाणपत्र और सभी सेमेस्टर/वर्ष के सभी अर्हता के अंक पत्र (10वीं, 12वीं, डिप्लोमा/स्नातक/स्नातकोत्तर जैसा लागू हो)
    घ) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ईडब्ल्यूएस/ अजा/अजजा/अपिव प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
    ङ) पहचान और पते का प्रमाण (पासपोर्ट, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि)
    च) पैन कार्ड
    छ) आवेदन पत्र में बताए गए अलग-अलग समय के अनुभव का सबूत (अगर लागू हो)
    ज) आपके उम्मीदवारी के समर्थन में कोई अन्य दस्तावेज़
    झ) नवीनतम प्रारूप के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।

13. चयन के समय (अगर बुलाया जाता है) अभ्यर्थी को मूल प्रशंसापत्र /दस्तावेज़ के साथ उनकी एक स्व प्रमाणित प्रति भी दिखानी होगी। सत्यापन के बाद मूल प्रति वापस कर दी जाएंगी।

14. सिर्फ़ पद के लिए अप्लाई करने/दस्तावेज़ जमा करने/चयन में शामिल होने या अर्हता करने से अभ्यर्थी को चयन का दावा करने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता। अगर यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन में बताए गए पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उसका अभ्यर्थी तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

15. अभ्यर्थियों को एक रिक्त के लिए सिर्फ़ एक ही आवेदन सबमिट करना चाहिए और एक बार सबमिट किया गया आवेदन बदला नहीं जा सकता। ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के लिए एक वैध ई-मेल आईडी ज़रूरी है। राइट्स अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। हालांकि, अभ्यर्थियों अलग-अलग कितनी भी रिक्त के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

16. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ अलग-अलग आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना होगा। तथापि, अभ्यर्थी ऐसा अपने जोखिम पर करेंगे, क्योंकि किन्हीं दो पदों के लिए चयन की अनुसूची एक ही समय पर निर्धारित हो सकती है।

17. अभ्यर्थियों को अपनी उम्मीदवारी से जुड़ी सभी विवरण जमा करनी होंगी, जैसे व्यक्तिगत विवरण, एजुकेशनल अर्हता विवरण, अनुभव विवरण, श्रेणी वगैरह। इस संबंध में, अगर भविष्य में कोई भी जानकारी छिपाई हुई पाई जाती है, तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

18. अगर किसी अभ्यर्थी का किया गया कोई भी दावा गलत पाया जाता है, तो उसका अभ्यर्थियों तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

19. राइट्स के विभागीय अभ्यर्थी को ऑनलाइन अप्लाई करना होगा और अपनी हार्ड कॉपी सही चैनल के ज़रिए सबमिट करनी होगी।

20. **सरकारी विभागों/पीएसयू में नियमित आधार पर काम करने वाले अभ्यर्थियों को सही चैनल से अप्लाई करना होगा। ऐसे अभ्यर्थी जो सीधे अप्लाई करते हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय (अगर बुलाया जाता है) नो ऑब्जेक्शन प्रमाणपत्र (एनओसी) लाना होगा, ताकि वे अपनी वेतन की सुरक्षा, ग्रेच्युटी ट्रांसफर, छुट्टी वगैरह के लिए पात्र हो सकें, बशर्ते इस संबंध में अन्य नियम और शर्तें पूरी हों। तय तिथि के बाद जमा किया गया एनओसी स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

21. **अभ्यर्थियों को अनुबंध-क के दो भरी हुई प्रतिलिपि और उसमें बताए गए प्रमाणपत्रों को सही क्रम में लाकर दस्तावेज़ सत्यापन/चयन प्रक्रिया के समय जमा करना होगा।**

सामान्य अनुदेश

1. केवल 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र होंगे।
2. प्रबंधन को कोई भी अन्य नोटिस जारी किए बिना तथा बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर चयन/भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/संशोधित/ परिवर्तित करने का अधिकार है।
3. रिक्तियों की संख्या में बदलाव हो सकता है।
4. सेवारत सरकारी/पीएसयू के कर्मचारियों का चयन होने की स्थिति में अपने मूल संगठन से समुचित रूप से कार्य-मुक्त होने पर ही उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी।
5. आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्टि कर लें।
6. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/असत्य जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।
7. **इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल कंपनी की वेबसाइट www.rites.com पर ही प्रदर्शित किया जाएगा। इसलिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट देखते रहें।**
8. ऑफर लेटर को अनुभव के प्रूफ के तौर पर नहीं माना जाएगा और अभ्यर्थी को अनुभव क्लेम करने के लिए कार्यभार ग्रहण और कार्यमुक्ति आदेश/अनुभव प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
9. किसी विवाद के मामले में कानूनी क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा।
10. किसी भी प्रकार का ट्रेन/बस किराया/टीए/डीए देय नहीं होगा।
11. **आयु, अनुभव और अन्य सभी पात्रता मानदंड की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (कट-ऑफ तिथि) के अनुसार की जाएगी ।**
12. पात्रता प्राप्त करने की तिथि निम्नलिखित में से सबसे पहले होगी:-
    I. संबंधित माह का अंतिम दिन जिसमें अर्हता डिग्री की अंतिम परीक्षा आयोजित की गई हो। ऐसे मामलों में जहाँ लिखित परीक्षा की तिथि का स्पष्ट उल्लेख किया हो, उसे अर्हता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा।
    II. परिणाम घोषित होने की तिथि
    III. मार्कशीट/अंकतालिका जारी होने की तिथि
    IV. डिग्री/प्रमाणपत्र जारी होने की तिथि

    इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी। इस संबंध में कोई और रियायत प्रदान नहीं की जाएगी।
13. **जहां शैक्षणिक अर्हता में अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता की आवश्यकता है, वहां अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय/संस्थान से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किया गया हो।**
14. राइट्स इस विज्ञापन के अंतर्गत भर्ती से संबंधित नियमों एवं शर्तों में आवश्यकतानुसार किसी भी समय संशोधन, परिवर्तन अथवा अतिरिक्त प्रावधान सम्मिलित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
15. अभ्यर्थियों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय कोई भी मिथ्या, कूटरचित अथवा जाली दस्तावेज़/सूचना प्रस्तुत न करें तथा किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को न छिपाएँ। अन्यथा, उनकी अभ्यर्थिता निरस्त किए जाने के लिए उत्तरदायी होगी।

16. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा उसके पश्चात यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रकार के कदाचार का दोषी पाया जाता है या पाया गया हो, तो उसके विरुद्ध विधि अनुसार सिविल/आपराधिक कार्यवाही की जा सकती है तथा उसे भर्ती प्रक्रिया से अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

राइट्स से संपर्क

इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कोई भी जानकारी पंजीकरण के समय अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ईमेल पते पर उपलब्ध कराई जाएगी और/या राइट्स की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे आगे की जानकारी के लिए समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें।

अभ्यर्थियों को अपने प्रश्नों के समाधान के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ने तथा राइट्स वेबसाइट पर कैरियर अनुभाग के अंतर्गत अपलोड किए गए "अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)" को पढ़ने की सलाह दी जाती है।

अगर कोई सवाल हैं, तो उन्हें केवल rectt@rites.com पर ही भेजें और उनमें ये विवरण अवश्य शामिल करें:

i. वीसी सं.
ii. पंजीकरण सं. /रोल नं.
iii. अभ्यर्थी का पूरा नाम बड़े अक्षरों में
iv. आवेदन में दी गई वैध ई-मेल आईडी

उपर्युक्त ब्यौरा न होने पर पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

किसी भी प्रकार की जिज्ञासा अथवा समस्या के संबंध में राइट्स को आवेदन की अंतिम तिथि से पर्याप्त पूर्व सूचित किया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक एवं युक्तिसंगत शिकायतों का समय रहते निवारण किया जा सके।

अंतिम समय पर अवगत कराई गई समस्याओं के कारण आवेदन प्रस्तुत न हो पाने के लिए राइट्स किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

विज्ञापन में पूर्व से उपलब्ध कराई गई जानकारी से संबंधित प्रश्नों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुबंध- क

राइट्स लिमिटेड

प्रमाणपत्र जमा करने की चेक-लिस्ट

अपने आवेदन के संदर्भ में, मैं अपेक्षित दस्तावेज तथा अपने प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी निम्नानुसार प्रस्तुत कर रहा हूँ (कालानुक्रमिक क्रम में):

क्र.स.	प्रमाणपत्र का नाम	प्रस्तुत (हां/नहीं)	टिप्पणी
01	जन्म तिथि के प्रमाण के लिए 10वीं/हाईस्कूल प्रमाण पत्र		
02	12वीं की अंकतालिका		
03	डिप्लोमा/स्नातक अंकतालिका- सभी सेमेस्टर		
04	पोस्ट ग्रेजुएशन की सभी सेमेस्टर की अंकतालिका		
05	पीएचडी अंकतालिका और प्रमाण पत्र, यदि कोई हो		
06	कृपया अन्य शैक्षणिक अर्हता/प्रमाणन बताएं निर्दिष्ट करें: _____		
07	प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्रों की सूची: 1. _____ 2. _____ 3. _____ 4. _____ 5. _____ 6. _____ 7. _____		
08	अंतिम कंपनी रिलीविंग लेटर/अनुभव प्रमाण पत्र, एनओसी (सरकारी/पीएसयू कर्मचारियों के लिए)		
09	आधार कार्ड		
10	पैन कार्ड		
11	02 नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो		

मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त प्रमाणपत्र मेरी जानकारी के अनुसार प्रामाणिक, वैध और सत्य हैं। यदि उपर्युक्त प्रमाणपत्र दस्तावेज़ों में से कोई भी या उनमें निहित कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नौकरी तुरंत अस्वीकृत/रद्द की जा सकती है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर	
अभ्यर्थी का नाम	
प्रमाणपत्र जमा करने की तिथि	

पदनाम	
वी.सी. संख्या जिसके लिए प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए गए हैं	

केवल आधिकारिक प्रयोग के लिए

मैंने अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त प्रमाणपत्रों का सत्यापन कर लिया है और पाया है कि वे कंपनी की अनिवार्यता(ओं) के अनुसार सही **हैं/नहीं हैं (इनमें से किसी एक को काट दें)।**

दस्तावेजों की कमी के संबंध में कोई अन्य टिप्पणी/विवरण:	
दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर	
दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी का नाम	
दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी का पदनाम	
तिथि	